# JULY 2025 (QUIZ-HINDI)





# MONTHLY CURRENT AFFAIRS MAGAZINE








Todaysprint.com

**1. निपाह वायरस का त्वरित पता लगाने के लिए पोर्टेबल टेस्ट किट किस संस्था ने विकसित की है ?**



A - AIIMS दिल्ली
B - NCDC
**C - NIV पुणे**
D - WHO

ICMR के तहत पुणे स्थित NIV ने निपाह वायरस की त्वरित पहचान के लिए पोर्टेबल टेस्ट किट विकसित की है, जो LAMP तकनीक पर आधारित है। यह तकनीक तेज़, सरल और प्रयोगशाला रहित है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों मे भी उपयोग संभव है। किट Genotype B निपाह वायरस की पहचान मे संक्षम है, जो भारत और बांग्लादेश मे आम है। निपाह एक जूनोटिक वायरस है

**2. क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज इंडेक्स 2024 मे भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है ?**




A - 5वाँ
B - 7वाँ
**C - 10वाँ**
D - 12वाँ

" क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज इंडेक्स " के तहत 25 देशों की तकनीकी क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया, जिसमे भारत को 10वां स्थान मिला है। यह सूचकांक सेमीकंडक्टर, AI, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और क्वांटम तकनीक जैसे क्षेत्रों मे प्रदर्शन को मापता है। अमेरिका शीर्ष पर है जबकि चीन कुछ क्षेत्रों मे तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

**3. बोनालु महोत्सव 2025 की औपचारिक शुरुआत कहाँ से हुई ?**



A - चारमीनार
**B - श्री जगदम्बा महाकाली मंदिर, गोलकोंडा किला**
C - बिरला मंदिर
D - सिकंदराबाद क्लब

26 जून 2025 को हैदराबाद के गोलकोंडा किले स्थित श्री जगदम्बा महाकाली मंदिर से तेलंगाना के पारंपरिक बोनालु महोत्सव की शुरुआत हुई, जो देवी महाकाली की आराधना और महामारी से सुरक्षा की प्रार्थना के रूप मे मनाया जाता है। 19वीं शताब्दी मे प्लेग महामारी के दौरान शुरू हुआ यह पर्व आज राज्य की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

**4. हाल ही मे रॉ (RAW) के नए सचिव के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?**




A - रवि सिन्हा
B - संजय मिश्रा
**C - पराग जैन**
D - अरविंद कुमार

भारत सरकार ने आईपीएस अधिकारी पराग जैन को RAW (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) का नया सचिव नियुक्त किया है। वे 1 जुलाई 2025 को रवि सिन्हा का स्थान लेगें। पराग जैन 1989 बैच के पंजाब कैडर से है और उन्हे दो वर्षों के लिए नियुक्त किया गया है। आतंकवाद विरोधी अभियानों से लेकर बालाकोट एयर स्ट्राइक और अनुच्छेद 370 के समय तक उनकी उल्लेखनीय भूमिका रही है।

5. हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का पहला संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था ?

A - रांची
B - नई दिल्ली
C - भुवनेश्वर
D - चेन्नई

हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का पहला संस्करण 18 से 27 जून तक चेन्नई मे आयोजित हुआ, जिसमे वरिष्ठ पुरुष (40+) और महिला (35+) खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुषों की 12 और महिलाओं की 8 टीमों ने पूल और नॉकआउट चरण मे प्रतिस्पर्धा की। महिला वर्ग मे ओडिशा ने पंजाब को 1-0 से हराकर खिताब जीता, जबकि हरियाणा को कांस्य पदक मिला।



6. उजचेस कप मास्टर्स 2025 का खिताब किसने जीता ?

A - डी. गुकेश
B - सिंदारोव
C - आर. प्रज्ञानानंद
D - मैग्नस कार्लसन

27 जून 2025 को भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने उज़्बेकिस्तान के ताशकंद मे आयोजित UzChess कप मास्टर्स 2025 का खिताब जीत लिया, जो इस साल उनकी तीसरी क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता मे जीत है। इस जीत के साथ वे भारत के नंबर 1 और विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए है, उनकी लाइव FIDE रेटिंग 2778.3 हो गई है।



7. विश्व क्षुद्रग्रह दिवस (World Asteroid Day) हर वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?

A - 29 जून
B - 1 जुलाई
C - 30 जून
D - 15 जून

30 जून को मनाया जाने वाला विश्व क्षुद्रग्रह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2016 मे मान्यता प्राप्त एक वैश्विक दिवस है, जिसका उद्देश्य क्षुद्रग्रहों से होने वाले संभावित खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पृथ्वी की रक्षा हेतु वैज्ञानिक रणनीतियों को बढ़ावा देना है। यह दिवस 1908 की टुंगुस्का घटना की स्मृति मे मनाया जाता है




8. भारत मे राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?

A - 30 जून
B - 1 जुलाई
C - 5 जुलाई
D - 10 अगस्त

1 जुलाई 2025 को भारत ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया, जो महान चिकित्सक और भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय को समर्पित है। उनका जन्म और निधन दोनों इसी दिन हुआ था। यह दिवस डॉक्टरों के योगदान के सम्मान और उनके मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य की ओर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। 2025 की थीम "मास्क के पीछे : कौन चिकित्सकों को ठीक करता है ?




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**9. सांख्यिकी दिवस 2025 के अवसर पर किस मोबाइल एप्लिकेशन को लॉन्च किया गया ?**

A - IndiaStats  B - DataGov

**C - GoIStats**  D - MoSPI Tracker

सांख्यिकी दिवस 2025 को 29 जून को प्रो. पी.सी. महालनोबिस की जयंती पर मनाया गया। इस अवसर पर MoSPI ने 'GoIStats' नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया, जिसे NSO ने विकसित किया है। यह ऐप नागरिकों को GDP, महंगाई, बेरोजगारी जैसे सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों तक सरल व रियल-टाइम पहुंच देता है। इसमे इंटरएक्टिव डैशबोर्ड, एडवांस सर्च, डेटा स्टोरीटेलिंग, CSV डाउनलोड व सोशल शेयरिंग जैसे फीचर्स है।



**10. राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का मुख्यालय 2025 मे किस स्थान पर स्थापित किया गया है ?**

A - हैदराबाद  B - अमरावती

**C - निजामाबाद**  D - नागपुर

30 जून 2025 को केद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना के निजामाबाद मे राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के मुख्यालय का उद्घाटन किया। यह कदम हल्दी किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग और भाजपा के 2019 के वादे की पूर्ति है। बोर्ड का लक्ष्य 2030 तक हल्दी निर्यात को $1 बिलियन तक पहुंचाना, किसानों को बेहतर मूल्य दिलाना और वैश्विक ब्रांडिंग व पैकेजिंग को बढ़ावा देना है।




**11. जुलाई 2025 मे कर्नाटक बैकं के किस प्रबंध निदेशक एवं CEO ने इस्तीफा दिया ?**

A - शेखर राव  **B - श्रीकृष्णन हरि हर शर्मा**

C - पी. जयकुमार  D - एन. कामाक्षी

जुलाई 2025 मे कर्नाटक बैकं के MD & CEO श्रीकृष्णन हरि हर शर्मा और ED शेखर राव ने इस्तीफा दे दिया। शर्मा का इस्तीफा 15 जुलाई और राव का 31 जुलाई से प्रभावी होगा। शर्मा ने मुंबई मे बसने और राव ने मंगलुरु स्थानांतरण मे असमर्थता को कारण बताया। बैकं ने 2 जुलाई से COO की तात्कालिक नियुक्ति की और नए MD, CEO व ED के चयन हेतु खोज समिति गठित की है।



**12. BWF US Open 2025 मे पुरुष एकल खिताब किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता ?**

A - लक्ष्य सेन  B - प्रणय एच.एस.

C - साई प्रणीत  **D - आयुष शेट्टी**

आयुष शेट्टी ने BWF US Open 2025 मे पुरुष एकल खिताब जीतकर भारत को वर्ल्ड टूर 2025 की पहली खिताबी सफलता दिलाई। यह उनका पहला सीनियर खिताब है। उन्होंने फाइनल मे कनाडा के ब्रायन यांग को हराया। महिला एकल मे 16 वर्षीय तन्वी शर्मा फाइनल तक पहुंचीं और सबसे कम उम्र की भारतीय फाइनलिस्ट बनीं, हालांकि वे बेइवेन झांग से हार गईं।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**13. महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के लिए “हेजिंग डेस्क” की स्थापना किस शहर मे की है ?**

A - पुणे
B - नागपुर
C - मुंबई
D - औरंगाबाद

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे मे कृषि क्षेत्र के लिए एक हेजिंग डेस्क स्थापित किया है, जो मूल्य अस्थिरता से किसानों की रक्षा कर उनकी आय को स्थिर करने मे मदद करेगा। यह पहल बालासाहेब ठाकरे स्मार्ट परियोजना के तहत और विश्व बैंक की सिफारिश पर शुरू की गई है। कपास, हल्दी व मक्का जैसी फसलों से शुरुआत करते हुए यह डेस्क हिंगोली, वाशिम, यवतमाल आदि जिलों के 50 एफपीओ को वायदा बाजार से जोड़ेगा।



**14. भारत मे नया ‘हथियार हब’ बनने की दिशा मे कौन-सा राज्य ऑर्डिनेसं-फैक्ट्री कॉरिडोर स्थापित कर रहा है ?**

A - उत्तर प्रदेश
B - महाराष्ट्र
C - बिहार
D - राजस्थान

बिहार अब रक्षा उत्पादन मे अंग्रणी बनने की दिशा मे अंग्रसर है और राज्य सरकार ने ऑर्डिनेसं फैक्ट्री कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई है। यह कॉरिडोर हथियार, राइफल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और बाय मॉड्यूलर चार्ज सिस्टम (BMCS) जैसे उपकरणों के निर्माण व परीक्षण का केद्रं बनेगा। BMCS का भारत मे उंत्पादन फिलहाल केवल नालंदा मे होता है।




**15. हाल ही मे फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स मे वंरिष्ठ सलाहकार (Senior Advisor) के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?**

A - राजीव कुमार
B - वी. के. पॉल
C - अमिताभ कांत
D - अरविंद पनगढ़िया

पूर्व G-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व CEO अमिताभ कांत को फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स मे वंरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया है। वे सरकार और निजी क्षेत्र के बीच नीतिगत सेतु की भूमिका निभाएंगे। कांत स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों के रणनीतिकार रहे है। फेयरफैक्स, जिसका नेतृत्व प्रेम वत्सा करते है



**16. Tec-Verse 2025 तकनीकी प्रदर्शन कार्यक्रम का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ?**

A - राजीव चंद्रशेखर
B - एस. कृष्णन
C - अश्विनी वैष्णव
D - डॉ. विजय राघवन

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने दो दिवसीय तकनीकी कार्यक्रम Tec-Verse 2025 का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन सचिव एस. कृष्णन ने किया। इसमे 1,000+ प्रतिभागियों ने भाग लिया, 4 नए तकनीकी उत्पाद लॉन्च हुए, 8 तकनीक ट्रांसफर और 15 MoU पर हस्ताक्षर किए गए। C-DAC, C-MET और SAMEER जैसे संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**17. हाल ही मे न्यूयॉर्क शहर प्रशासन द्वारा किस हिंदू आध्यात्मिक गुरु को उनके आध्यात्मिक नेतृत्व, सामाजिक सेवा और अंतर-सांस्कृतिक संवाद मे योगदान के लिए सम्मानित किया गया ?**



A - श्री श्री रविशंकर
B - सद्गुरु जग्गी वासुदेव
**C - राधानाथ स्वामी**
D - बाबा रामदेव

न्यूयॉर्क शहर प्रशासन ने राधानाथ स्वामी को उनके दशकों से किए गए आध्यात्मिक और सामाजिक सेवा कार्यों, विशेषकर अंतर-सांस्कृतिक और अंतर-धार्मिक संवाद को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान न्यूयॉर्क स्थित 'भक्ति केंद्र' मे आयोजित एक समारोह मे प्रदान किया गया, जिसमे न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स की ओर से अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप-आयुक्त दिलीप चौहान ने यह सम्मान सौंपा।

**18. विश्व यूएफओ दिवस (World UFO Day) प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?**



A - 10 जून
B - 15 अगस्त
**C - 2 जुलाई**
D - 21 सितंबर

विश्व यूएफओ दिवस हर वर्ष 2 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य यूएफओ (Unidentified Flying Object) के प्रति जागरूकता, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और सरकारी पारदर्शिता की मांग करना है। इसकी शुरुआत 2001 मे हक्टन अकडोगन ने की थी। यह दिन 1947 की रोसवेल घटना की वर्षगाँठ पर आधारित है, जिसमे कथित उड़न तश्तरी मिलने का दावा किया गया था।

**19. विश्व खेल पत्रकार दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?**




**A - 2 जुलाई**
B - 4 जुलाई
C - 3 जुलाई
D - 1 जुलाई

विश्व खेल पत्रकार दिवस प्रतिवर्ष 2 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य खेल पत्रकारों के योगदान, निष्पक्षता और पेशेवर ईमानदारी को सम्मान देना है। इसकी शुरुआत 1994 मे हुई थी और यह दिन 1924 मे पेरिस मे AIPS (अंतरराष्ट्रीय खेल प्रेस संघ) की स्थापना की याद मे मनाया जाता है। AIPS का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लुसाने मे है और यह 160+ देशों के पत्रकारों का प्रतिनिधित्व करता है।

**20. रिलायंस डिफेंस और कोस्टल मैकेनिक्स इंक. ने किस स्थान पर रक्षा MRO और अपग्रेड केंद्र स्थापित किया है ?**

A - हैदराबाद
B - बेंगलुरु
C - पुणे
**D - नागपुर**

रिलायंस डिफेंस (भारत) और कोस्टल मैकेनिक्स इंक. (अमेरिका) ने मिहान, नागपुर (महाराष्ट्र) मे एंक संयुक्त रक्षा MRO और अपग्रेडेशन केंद्र की स्थापना की है। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के पुराने हथियारों जैसे जगुआर, मिग-29, अपाचे हेलीकॉप्टर, और वायु रक्षा बंदूकों की मरम्मत और उन्नयन करना है। यह केंद्र FMS अनुबंधों से भी जुड़ सकता है

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

21. भारत का पहला लकड़ी से बना गुरुद्वारा 'श्री नानक निवास' किस राज्य मे स्थित है ?

A - हरियाणा
B - हिमाचल प्रदेश
C - पंजाब
D - उत्तराखंड

भारत का पहला लकड़ी से निर्मित गुरुद्वारा 'श्री नानक निवास' पंजाब के फाजिल्का जिले की पुलिस लाइन मे स्थापित किया गया है। इसका निर्माण फिनलैडं से आयातित देवदार की लकड़ी से हुआ है और यह पर्यावरणीय टिकाऊपन व वास्तुशिल्प नवाचार का प्रतीक है। इसका आकार 40x40 फीट है और चारों दिशाओं मे प्रवेशद्वार है।



22. क्वाड एट सी ऑब्जर्वर मिशन' किस घोषणा के तहत शुरू किया गया है ?

A - टोक्यो घोषणा
B - मालाबार समझौता
C - विलमिंगटन घोषणा
D - सिंगापुर प्रोटोकॉल

'Quad at Sea Observer Mission' की शुरुआत विलमिंगटन घोषणा के तहत की गई है, जिसमे भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के तटरक्षक बलों के बीच क्रॉस-डेक सहयोग को बढ़ावा दिया गया है। इसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे समुद्री डोमेन जागरूकता, इंटरऑपरेबिलिटी और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है। यह मिशन SAGAR विजन और IPOI (2019) के उद्देश्यों के अनुरूप है।




23. हाल ही मे मिलिट्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MILIT), पुणे के कमांडेटं के रूप मे किसने पदभार ग्रहण किया ?

A - वाइस एडमिरल संजय झा
B - रियर एडमिरल वी. गणपति
C - एयर मार्शल एस. रघुनाथन
D - लेफ्टिनेटं जनरल पी. सिंह

30 जून 2025 को रियर एडमिरल वी. गणपति ने MILIT, पुणे के नए कमांडेटं का पदभार संभाला। वे भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी है और उनके पास संचालन, स्टाफ और प्रशिक्षण का व्यापक अनुभव है। MILIT एक प्रमुख त्रि-सेवा तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान है जो AI, साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स आदि मे प्रशिक्षण देता है।



24. राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को किसकी अध्यक्षता मे स्वीकृति दी गई ?

A - अमित शाह
B - अनुराग ठाकुर
C - प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी
D - राज्यपाल

1 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दी गई, जो 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह नीति व्यापक परामर्श के बाद तैयार हुई है और इसका उद्देश्य खेलों को जन-जीवन का हिस्सा बनाना, भारत को वैश्विक खेल शक्ति बनाना और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन को बेहतर करना है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

25. भारतीय रिजर्व बैकं ने किसे 1 जुलाई 2025 को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है ?

A - शक्तिकांत दास | B - केशवन रामचंद्रन

C - एम. राजेश्वर राव | D - उर्जित पटेल

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 1 जुलाई 2025 को केशवन रामचंद्रन को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। उन्हे प्रूडेंशियल रेगुलेशन डिवीजन का दायित्व सौंपा गया है, जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों की वित्तीय स्थिरता और जोखिम प्रबंधन से संबंधित है। उनके पास केंद्रीय बैंकिंग का 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वे पूर्व मे जोखिम निगरानी विभाग मे प्रमुख पदों पर रह चुके है।




26. भारतीय नौसेना जहाज (INS) उदयगिरि किस परियोजना के तहत निर्मित किया गया है ?

A - Project 75 | B - Project 15B

C - Project 17 | D - Project 17A

1 जुलाई 2025 को INS उदयगिरि को भारतीय नौसेना मे शामिल किया गया। यह Project 17A के तहत बनी दूसरी स्वदेशी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है, जिसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, मुंबई ने रिकॉर्ड 37 महीनों मे तैयार किया। इसकी डिज़ाइन नौसेना के वारशिप डिज़ाइन ब्यूरो ने की है और इसमे सुपरसोनिक मिसाइल, MR-SAM, 76 मिमी तोप जैसे आधुनिक हथियार लगे है।



27. निम्नलिखित मे से किस देश मे सबसे अधिक यूनिकॉर्न स्टार्टअप है ?

A - चीन | B - भारत

C - अमेरिका | D - यूके

हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2025 के अनुसार विश्व मे 1,523 यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स है, जिनका कुल मूल्यांकन $5.6 ट्रिलियन है। अमेरिका 758 यूनिकॉर्न्स के साथ पहले, चीन 343 के साथ दूसरे और भारत 64 यूनिकॉर्न्स के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत की कंपनियों मे Zerodha, Dream11 और Razorpay प्रमुख है। बेंगलुरु वैश्विक टॉप 10 यूनिकॉर्न शहरों मे सातवे स्थान पर है।




28. भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बीच हरित इस्पात और हाई-ग्रेड एल्युमिनियम के संयुक्त उत्पादन पर हुई वार्ता मे भारत की ओर से इस्पात मंत्री के रूप मे किसने नेतृत्व किया ?

A - पीयूष गोयल | B - नरेद्रं सिंह तोमर

C - एच.डी. कुमारस्वामी | D - आर. के. सिंह

1 जुलाई 2025 को भारत और UAE ने CEPA के तहत हरित इस्पात और हाई-ग्रेड एल्युमिनियम के संयुक्त उत्पादन को लेकर रणनीतिक वार्ता शुरू की। यह सहयोग स्वच्छ ऊर्जा आधारित धातु उत्पादन, औद्योगिक साझेदारी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मे लचीलापन लाने पर केंद्रित है। भारत UAE की ऊर्जा क्षमताओं का उपयोग कर 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

29. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 30 जून 2025 को किन देशों की यात्रा शुरू की ?



A - जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया
B - स्पेन, पुर्तगाल, ब्राज़ील
C - फ्रांस, इटली, अर्जेंटीना
D - अमेरिका, यूके, कनाडा

30 जून से 5 जुलाई 2025 तक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण स्पेन, पुर्तगाल और ब्राज़ील की आधिकारिक यात्रा पर है। वे स्पेन के सेविले मे संयुक्त राष्ट्र के FFD4 सम्मेलन मे वैश्विक वित्तीय सहयोग पर बोलेगी। इसके बाद पुर्तगाल मे वित्त मंत्री फर्नांडो मदीना से द्विपक्षीय चर्चा करेगी।

30. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) की 196वीं बैठक की अध्यक्षता किसने की ?

A - भूपेन्द्र यादव
B - नरेद्रं मोदी
C - डॉ. मनसुख मंडाविया
D - अश्विनी वैष्णव

1 जुलाई 2025 को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने SPREE 2025 योजना शुरू की, जो नियोक्ताओं को स्वैच्छिक रूप से बिना दंड या निरीक्षण के पंजीकरण की सुविधा देती है। यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी। ESIC भारत की सबसे बड़ी सामाजिक बीमा योजना है, जो चिकित्सा, बीमारी, मातृत्व और विकलांगता जैसे लाभ प्रदान करती है।

31. बिहार सरकार ने 2025 मे शुरू की गई नई इंटर्नशिप प्रोत्साहन योजना का क्या नाम है ?



A - मुख्यमंत्री कौशल योजना
B - मुख्यमंत्री रोजगार योजना
C - मुख्यमंत्री उद्योग प्रोत्साहन योजना
D - मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना

2 जुलाई 2025 को बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य 18 से 28 वर्ष के युवाओं को इंटर्नशिप के लिए वित्तीय सहायता देना है। इंटरमीडिएट, ITI, डिप्लोमा और स्नातक पास युवा 3 महीने से 1 वर्ष तक की इंटर्नशिप के लिए ₹4000 से ₹6000 मासिक सहायता प्राप्त करेगें। जिले से बाहर इंटर्नशिप पर ₹2000 और राज्य से बाहर ₹5000 अतिरिक्त मिलेगें।

32. प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने 2 जुलाई 2025 को किस अफ्रीकी देश की ऐतिहासिक यात्रा की ?



A - केन्या
B - दक्षिण अफ्रीका
C - घाना
D - नाइजीरिया

2 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने घाना की ऐतिहासिक यात्रा की, जो तीन दशकों मे किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। अक्रा मे उन्हे 21 तोपों की सलामी और 'Officer of the Order of the Star of Ghana' सम्मान मिला। भारत और घाना के बीच शिक्षा, कौशल, रक्षा और व्यापार से जुड़े चार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, व्यापार को दोगुना करने और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

33. 29 जून 2025 को जापान ने किस उपग्रह का प्रक्षेपण किया ?

A - HAYABUSA-2
B - GOSAT-GW
C - SLIM
D - CHANDRA-X

29 जून 2025 को जापान ने GOSAT-GW नामक एक अत्याधुनिक जलवायु निगरानी उपग्रह को सफलतापूर्वक H-2A रॉकेट से प्रक्षेपित किया। यह H-2A की 50वीं और अंतिम उड़ान थी, जिसने 2001 से लेकर अब तक 49 सफल मिशनों के साथ विश्वसनीयता का नया मानदंड स्थापित किया। इस रॉकेट ने SLIM मून लैडंर और हायाबूसा-2 जैसे महत्वपूर्ण मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।



34. वर्ष 2000 मे बिहार मे जंन्म पंजीकरण की दर कितनी थी ?

A - 11.5%
B - 3.7%
C - 56.2%
D - 16.9%

2000 के दशक की शुरुआत मे बिहार मे जंन्म पंजीकरण की स्थिति बेहद कमजोर थी, जहां 2000 मे केवल 3.7% जन्म पंजीकृत हुए थे, जबकि राष्ट्रीय औसत 56.2% था। प्रशासनिक कमजोरी, जागरूकता की कमी और डिजिटल ढांचे की कमी इसके प्रमुख कारण थे। 2022 तक राज्य सरकार के प्रयासों, डिजिटलीकरण और नीति सुधारों के कारण यह दर 71% तक पहुंच गई, और बिहार अब उन राज्यों मे शामिल है



35. INS तमाल की कमांडिंग ऑफिसर कौन है ?

A - कैप्टन अर्जुन वर्मा
B - कैप्टन श्रीधर टाटा
C - कमांडर संजय रावत
D - कैप्टन अनुज तिवारी

1 जुलाई 2025 को भारतीय नौसेना ने INS तमाल (F-71) को रूस के कैलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड मे शामिल किया। यह तुशील श्रेणी का दूसरा और परियोजना 1135.6 के तहत बना आठवां स्टील्थ फ्रिगेट है, जिसका नेतृत्व कैप्टन श्रीधर टाटा कर रहे है। 30 नॉट की गति और 3000 किमी की सीमा वाला यह पोत ब्रह्मोस, श्टिल-1, टारपीडो, 100 मिमी गन जैसी हथियार प्रणालियों से लैस है



36. बिहार सरकार द्वारा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कौन-सी समग्र योजना बनाई गई है ?

A - बिहार खेल मिशन
B - खेलो बिहार योजना
C - खेल रोड मैप
D - ग्राम खेल विकास योजना

बिहार सरकार ने राज्य मे खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक समग्र खेल रोड मैप तैयार किया है, जिसके अंतर्गत पंचायत से प्रमंडलीय स्तर तक खेल अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। 'हर पंचायत मे खेल मैदान' योजना के तहत 8044 पंचायतों की सूची प्राप्त हुई है, जिनमे से 4947 पंचायतों मे 5704 खेल मैदानों का निर्माण शुरू हो चुका है और 3384 मैदान पूरी तरह तैयार होकर उपयोग मे आ रहे है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**37. जन सुरक्षा समृद्धि अभियान 2025 की शुरुआत किस राज्य से हुई ?**



A - महाराष्ट्र
B - उत्तर प्रदेश
**C - गुजरात**
D - राजस्थान

1 जुलाई 2025 को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर से जन सुरक्षा समृद्धि अभियान 2025 की शुरुआत की, जो एक राष्ट्रीय स्तर का तीन महीने का विशेष अभियान है। इसका उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत शत-प्रतिशत कवरेज देना और सेवा से वंचित लोगों को लाभ पहुंचाना है।

**38. K-6 मिसाइल का विकास किस संगठन द्वारा किया जा रहा है ?**



A - HAL
B - ISRO
**C - DRDO**
D - BEL

K-6 मिसाइल का विकास DRDO द्वारा भारत की समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह एक पनडुब्बी से प्रक्षेपित अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी रेंज लगभग 8,000 किमी और गति मैक 7.5 है। इसका निर्माण 2017 मे एंडवांस्ड नेवल सिस्टम्स लैबोरेटरी, हैदराबाद में शुरू हुआ था।

**39. भारत की पहली QR-आधारित डिजिटल हाउस एड्रेस प्रणाली की शुरुआत किस शहर से की गई है ?**



A - भोपाल
B - जयपुर
**C - इंदौर**
D - नई दिल्ली

भारत की पहली QR-आधारित डिजिटल हाउस एड्रेस प्रणाली की शुरुआत मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के सुदामा नगर वार्ड 82 से की गई है, जो राष्ट्रीय डिजिपिन प्रणाली से जुड़ी है और स्मार्ट सिटी मिशन व डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों का समर्थन करती है। इस पहल का उद्देश्य घरों के पते की सटीक पहचान, पारदर्शिता, समयबद्ध सेवाएं और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बेहतर बनाना है।

**40. भारत की पहली UPI-संचालित बैकं शाखा और UPI एटीएम का उद्घाटन किस कंपनी ने किया ?**

A - PhonePe
B - Paytm
**C - Slice**
D - Razorpay

slice

भारत की पहली UPI-संचालित बैकं शाखा और UPI ATM का उद्घाटन फिनटेक कंपनी स्लाइस ने बेंगलुरु के कोरमंगला मे किया, जो उसकी डिजिटल से फिजिकल बैंकिंग की ओर पहली बड़ी पहल है। यह शाखा उपभोक्ताओं को UPI सुपर कार्ड जैसी सुविधाएं देती है, जिसमे कोई वार्षिक शुल्क नहीं है और “Slice in 3” विकल्प के जरिए खर्च को तीन ब्याज-मुक्त किश्तों मे बांटने की सुविधा मिलती है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

41. सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेटं 2025 का रैपिड खिताब किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता ?

A - आर. प्रज्ञानानंद
B - डी. गुकेश
C - विश्वनाथन आनंद
D - विदित गुजराती

भारतीय शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश ने क्रोएशिया के जाग्रेब मे आयोजित सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेटं 2025 के रैपिड वर्ग मे शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीत लिया। ग्रैडं चेस टूर का हिस्सा रहे इस टूर्नामेटं मे गुंकेश ने 18 मे से 14 अंक अर्जित किए, जिसमे उन्होंने मैग्नस कार्लसन और जन-क्रिस्टोफ़ डूडा जैसे दिग्गजों को पछाड़ा।



42. भारत की पहली घरेलू उपग्रह-आधारित ब्रॉडबैडं सेवा शुरू करने की अनुमति किस निजी कंपनी को मिली है ?

A - टाटा एलेक्सी
B - आनंत टेक्नोलॉजीज़
C - भारतनेट
D - रिलायंस जियो स्पेस

हैदराबाद की निजी कंपनी आनंत टेक्नोलॉजीज़ को भारत की पहली स्वदेशी उपग्रह-आधारित ब्रॉडबैडं सेवा शुरू करने की अनुमति मिल गई है, जिसे IN-SPACe ने मंजूरी दी है। इस परियोजना मे करीब ₹3,000 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है और सेवा के 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है।



43. प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को 4 जुलाई 2025 को किस देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया ?

A - घाना
B - त्रिनिदाद और टोबैगो
C - मालदीव
D - जापान

4 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को त्रिनिदाद और टोबैगो के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "The Order of the Republic of Trinidad and Tobago" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे उनके वैश्विक नेतृत्व, प्रवासी भारतीय समुदाय से जुड़ाव और कोविड-19 के दौरान किए गए मानवीय सहयोग के लिए प्रदान किया गया।



44. प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई अभिनेता जूलियन मैकमोहन का निधन कहाँ हुआ ?

A - लंदन
B - सिडनी
C - न्यूयॉर्क
D - फ्लोरिडा

ऑस्ट्रेलियाई अभिनेता जूलियन मैकमोहन का 56 वर्ष की आयु मे अमेरिका के फ्लोरिडा मे कैसंर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया। यह जानकारी उनकी पत्नी केली मैकमोहन ने साझा की। जूलियन को 'फैटांस्टिक फोर', 'चार्म्ड', 'निप/टक' और 'एफबीआई : मोस्ट वांटेड' जैसे लोकप्रिय शोज़ और फिल्मों मे निभाए गए किरदारों के लिए जाना जाता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

45. भारत की पहली महिला नौसैनिक अधिकारी कौन बनी है जिन्हे फाइटर पायलट प्रशिक्षण स्ट्रीम मे शामिल किया गया है ?

A - शिवांगी सिंह
B - भावना कंठ
C - आस्था पूनिया
D - पूजा ठाकुर

सब लेफ्टिनेटं आस्था पूनिया भारतीय नौसेना की फाइटर पायलट प्रशिक्षण स्ट्रीम मे चयनित होने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई है। यह ऐतिहासिक घोषणा 4 जुलाई 2025 को INS डेगा, विशाखापत्तनम मे की गई, जहां उन्हे "Wings of Gold" सम्मान भी प्रदान किया गया। आस्था को एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद वे MiG-29K या Rafale-M जैसे लड़ाकू विमानों को विमानवाहक पोत से उड़ाने मे सक्षम होंगी।



46. अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष विकास सम्मेलन (ISDC) 2025 सम्मेलन का आयोजन कहाँ हुआ ?

A - न्यूयॉर्क
B - वॉशिंगटन DC
C - ऑरलैडो, फ्लोरिडा
D - सैन फ्रांसिस्को

कर्नाटक के कलबुर्गी स्थित S.R.N. मेहता CBSE स्कूल ने NASA-NSS स्पेस सेटलमेटं डिज़ाइन प्रतियोगिता 2025 मे कक्षा 8वीं श्रेणी मे पंहला स्थान हासिल किया। 25 देशों के 4,900 छात्रों मे से स्कूल की 11 छात्राओं की टीम ने "IRA" नामक हरित और टिकाऊ अंतरिक्ष कॉलोनी का डिज़ाइन प्रस्तुत किया।

47. सुधांशु मित्तल को किस संगठन का अध्यक्ष दूसरी बार निर्विरोध चुना गया है ?

A - भारतीय टेबल टेनिस महासंघ
B - भारतीय खो-खो महासंघ (KKFI)
C - भारतीय कुश्ती महासंघ
D - भारतीय हॉकी महासंघ

सुधांशु मित्तल को भारतीय खो-खो महासंघ (KKFI) का अध्यक्ष दूसरी बार निर्विरोध चुना गया है, जिनका कार्यकाल अब 2025 से 2029 तक रहेगा। नई दिल्ली मे आयोजित चुनाव मे उपकार सिंह विर्क को महासचिव चुना गया और नए शासी निकाय मे कंई उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कार्यकारी सदस्य शामिल किए गए है। पूर्व खिलाड़ी अश्विनी बिपिन पाटिल और मोनिका को एथलीट आयोग का प्रतिनिधित्व सौंपा गया है।



48. सुकन्या सोनोवाल को राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत नेटवर्क (CYPAN) की कार्यकारी समिति मे किस पद पर नियुक्त किया गया है ?

A - नीति सलाहकार
B - अध्यक्ष
C - संचार और जनसंपर्क प्रमुख
D - कार्यक्रम समन्वयक

असम की सुकन्या सोनोवाल को राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत नेटवर्क (CYPAN) की कार्यकारी समिति मे 2025–2027 के लिए संचार और जनसंपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह नेटवर्क राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा समर्थित एक प्रमुख युवा पहल है, जो युवाओं को शांति, संवाद और सहयोग के माध्यम से हिंसक उग्रवाद की रोकथाम के लिए प्रेरित करता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**49. भारत का पहला स्वदेशी, सरकारी वित्त पोषित AI आधारित मल्टीमॉडल लार्ज लैग्वेंज मॉडल (LLM) का नाम क्या है ?**




A - इंडिया GPT
B - भारत बुद्धि
C - भारत जेन
D - हिंदी एआई

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत का पहला स्वदेशी, सरकारी वित्त पोषित एआई आधारित मल्टीमॉडल लार्ज लैग्वेंज मॉडल 'भारत जेन' लॉन्च किया। यह मॉडल 22 भारतीय भाषाओं (जैसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी आदि) मे टेक्स्ट, स्पीच और इमेज को समझने और उत्पन्न करने मे संक्षम है।

**50. SPREE 2025 योजना किस संस्था द्वारा शुरू की गई है ?**




A - कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)
B - श्रम मंत्रालय
C - कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)
D - नीति आयोग

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने SPREE 2025 योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य असंगठित, संविदा और अस्थायी श्रमिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाना है। यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी और इसे शिमला मे हुई ESIC की 196वीं बैठक मे मंजूरी दी गई है।

**51. हाल ही मे किस देश ने अफगानिस्तान मे नियुक्त तालिबान के नए राजदूत के परिचय पत्र को स्वीकार किया है ?**



A - चीन
B - रूस
C - तुर्की
D - ईरान

रूस ने हाल ही मे अफगानिस्तान मे तालिबान शासन द्वारा नियुक्त राजदूत के परिचय पत्र स्वीकार कर, तालिबान को औपचारिक राजनयिक मान्यता देने की दिशा मे ऐतिहासिक कदम उठाया है। रूस ऐसा करने वाला पहला देश बन गया है, जबकि अधिकांश देश अब भी तालिबान को मान्यता नहीं दे रहे है। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय कूटनीति मे एंक बड़ा परिवर्तन माना जा रहा है

**52. खेलो इंडिया जल खेल महोत्सव की घोषणा किस केंद्रीय मंत्री ने की ?**



A - अनुराग ठाकुर
B - मनोहर लाल खट्टर
C - मनसुख मंडाविया
D - किरेन रिजिजू

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने घोषणा की है कि 21 अगस्त 2025 से श्रीनगर की डल झील मे पंहली बार तीन दिवसीय खेलो इंडिया जल खेल महोत्सव का आयोजन होगा। इसमे 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 400 से अधिक एथलीटों के भाग लेने की संभावना है

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**53. डूरंड कप 2025 की तीन ट्रॉफियों का अनावरण किसने किया ?**



A - प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी
B - उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़
C - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
D - खेल मंत्री अनुराग ठाकुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन मे डूरंड कप 2025 की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों — डूरंड कप ट्रॉफी, राष्ट्रपति कप और शिमला ट्रॉफी — का अनावरण किया और ट्रॉफी टूर की औपचारिक शुरुआत को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रॉफियाँ पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, मेघालय और मणिपुर के शहरों मे प्रदर्शित की जाएँगी, ताकि इस ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट को देशभर मे लोकप्रियता मिल सके।

**54. हाल ही मे किस देश के बैकं को GIFT सिटी मे शंाखा खोलने की सैद्धांतिक मंजूरी मिली है ?**



A - अमेरिका
B - जापान
C - संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
D - सिंगापुर

संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख Mashreq Bank को गुजरात की GIFT सिटी मे शंाखा खोलने की IFSCA से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है, जिससे यह GIFT सिटी मे प्रंवेश करने वाला पहला यूएई बैकं बन गया है। इस मंजूरी के साथ बैकं को यूएई के सेट्रंल बैकं और भारत की अन्य नियामक एजेंसियों से भी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। Mashreq Bank 2025 के अंत तक अपने संचालन की शुरुआत करने की योजना बना रहा है

**55. "3 बाय 35" पहल किस संगठन द्वारा शुरू की गई है ?**




A - संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
B - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
C - विश्व बैकं (World Bank)
D - यूनिसेफ (UNICEF)

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने "3 बाय 35" पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य 2035 तक तंबाकू, शराब और शर्करा युक्त पेय पदार्थों पर कर बढ़ाकर उनकी कीमतों मे 50% तक वृद्धि करना है। यह कदम गैर-संचारी रोगों (NCDs) से होने वाली समयपूर्व मृत्यु दर को कम करने, अस्वास्थ्यकर उपभोग को रोकने और सरकारों को अतिरिक्त राजस्व देने के लिए उठाया गया है। WHO का अनुमान है

**56. विश्व मुक्केबाज़ी कप 2025 का आयोजन कहाँ हुआ था ?**




A - नई दिल्ली, भारत
B - रियो डी जेनेरियो, ब्राज़ील
C - अस्ताना, कजाकिस्तान
D - जिनेवा, स्विट्ज़रलैडं

भारत ने कजाकिस्तान के अस्ताना मे आंयोजित विश्व मुक्केबाजी कप 2025 मे 11 पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत, 3 कांस्य) जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। तीनों स्वर्ण पदक महिला मुक्केबाजों – नूपुर, साक्षी और जैस्मीन लैम्बोरिया – ने जीते। भारत की 20 सदस्यीय टीम ने 30 जून से 7 जुलाई तक इस टूर्नामेंट मे भंाग लिया।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

57. भारत ने 6 जुलाई 2025 को किस मैदान पर इंग्लैडं को हराकर पहली बार वहां टेस्ट मैच जीता ?

A - लॉर्ड्स B - ओवल

C - एजबेस्टन D - ट्रेंट ब्रिज

भारत ने पहली बार एजबेस्टन, बर्मिंघम मे इंग्लैडं को 336 रनों से हराया, जो विदेशी ज़मीन पर उसकी सबसे बड़ी टेस्ट जीत है। इससे पहले यहां भारत को 7 हार और 1 ड्रॉ मिला था। जीत से सीरीज 1-1 से बराबर हुई। आकाश दीप ने 10 विकेट लेकर चेतन शर्मा के 1986 के रिकॉर्ड की बराबरी की। सिराज और आकाश दीप की जोड़ी ने कुल 17 विकेट झटके।




58. सुरिनाम की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप मे किसे चुना गया है ?

A - सिंथिया एंथोनी B - ग्रेगरी रूसलैडं

C - डॉ. जेनिफर गेरलिंग्स-साइमन्स D - क्लेरिसा मोनर

6 जुलाई 2025 को डॉ. जेनिफर गेरलिंग्स-साइमन्स सुरिनाम की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं। 71 वर्षीय जेनिफर को संसद मे दो-तिहाई बहुमत से निर्विरोध चुना गया और वे 16 जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगी। यह ऐतिहासिक फैसला ऐसे समय हुआ जब देश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है।



59. 3 जुलाई 2025 को किस प्रमुख एयरलाइंस कंपनी ने अमिताभ कांत को गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया ?

A - एयर इंडिया B - गोएयर

C - स्पाइसजेट D - इंडिगो

3 जुलाई 2025 को इंडिगो एयरलाइंस ने पूर्व नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत को गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप मे अपने निदेशक मंडल मे नियुक्त किया। यह कदम नीति और कॉर्पोरेट जगत के समन्वय का प्रतीक माना जा रहा है। उनके प्रशासनिक अनुभव से इंडिगो की घरेलू-विदेशी विस्तार योजनाओं, एयरपोर्ट हब विकास और वैश्विक पर्यटन को बल मिलेगा।



60. प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को अर्जेटीना की राजधानी मे किस विशेष सम्मान से नवाजा गया ?

A - भारत रत्न B - नागरिक सेवा पदक

C - की टू द सिटी D - गौरव अर्जेटीना सम्मान

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को अर्जेटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स मे 'Key to the City' सम्मान प्रदान किया गया, जो भारत-अर्जेटीना संबंधों को मज़बूत करने मे उनके योगदान का प्रतीक है। यह सम्मान मेयर जॉर्ज मैकरी ने प्रदान किया। यह यात्रा 57 वर्षों मे किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली आधिकारिक यात्रा रही।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

61. 2025 के CONCACAF गोल्ड कप फाइनल मे किस टीम ने खिताब जीता ?

A - संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) B - कनाडा

C - कोस्टा रिका D - मेक्सिको

2025 के फाइनल मे मेक्सिको ने अमेरिका को 2-1 से हराकर अपनी 10वीं CONCACAF गोल्ड कप ट्रॉफी जीत ली, जो ह्यूस्टन के NRG स्टेडियम मे खेला गया। यह लगातार दूसरी बार मेक्सिको का खिताब है, जिससे उसका क्षेत्रीय फुटबॉल मे वर्चस्व और मजबूत हुआ। अमेरिका ने चौथे मिनट मे गोल कर बढ़त बनाई, जिसे VAR ने वैध माना।



62. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 7 जुलाई 2025 को किसे अपना नया CEO नियुक्त किया ?

A - जय शाह B - संजोग गुप्ता

C - ज्योफ एलार्डिस D - इमरान ख्वाजा

7 जुलाई 2025 को ICC ने संजोग गुप्ता को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया, जो ज्योफ एलार्डिस का स्थान लेगें। गुप्ता एक अनुभवी मीडिया और खेल प्रसारण विशेषज्ज्ञ है, जिनकी नियुक्ति को क्रिकेट के डिजिटल नवाचार, वैश्विक विस्तार और दर्शक जुड़ाव के लिए अहम माना जा रहा है। इस पद के लिए 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदकों मे से उन्हे चुना गया।




63. हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम मे शामिल होने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री कौन बनीं ?

A - प्रियंका चोपड़ा B - ऐश्वर्या राय

C - आलिया भट्ट D - दीपिका पादुकोण

3 जुलाई 2025 को दीपिका पादुकोण को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई, जिससे वे यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। यह स्टार उन वैश्विक कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने मनोरंजन जगत मे विशिष्ट योगदान दिया हो।



64. हाल ही मे RBI Innovation Hub (RBIH) का नया CEO किसे नियुक्त किया गया है ?

A - राजेश बंसल B - विजय शेखर शर्मा

C - साहिल किन्नी D - नंदन नीलेकणी

साहिल किन्नी को रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिन्होंने संस्थापक सीईओ राजेश बंसल का स्थान लिया। यह नियुक्ति 400 से अधिक उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक चयन प्रक्रिया के बाद हुई। RBIH की स्थापना 2022 मे भारतीय रिज़र्व बैंक ने फिनटेक नवाचारों और समावेशी डिजिटल वित्त को बढ़ावा देने के लिए की थी।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**65. विश्व जनसंख्या दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

A - 5 जून
B - 11 जुलाई
C - 10 दिसंबर
D - 15 अगस्त

विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वर्ष 2025 की थीम "युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व मे अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना" रखी गई है, जो प्रजनन अधिकार और लैंगिक समानता पर केंद्रित है।




**66. नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन किस शहर मे हुंआ ?**

A - दिल्ली
B - पुणे
C - बेगंलुरु
D - हैदराबाद

नीरज चोपड़ा ने 86.18 मीटर की थ्रो के साथ 'नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025' का पहला संस्करण जीतकर अपनी अंतरराष्ट्रीय श्रेष्ठता साबित की। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता बेगंलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम मे आयोजित हुई और विश्व एथलेटिक्स गोल्ड-लेवल सीरीज़ का हिस्सा रही, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली।



**67. स्मार्ट मच्छर निगरानी प्रणाली (SMoSS) किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है ?**

A - महाराष्ट्र
B - कर्नाटक
C - आंध्र प्रदेश
D - तमिलनाडु

आंध्र प्रदेश सरकार ने मानसून के दौरान मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्मार्ट मच्छर निगरानी प्रणाली (SMoSS) शुरू की है, जो AI और IoT तकनीकों पर आधारित है। फिलहाल यह प्रणाली 6 प्रमुख शहरों के 66 स्थानों पर पायलट रूप मे लागू की गई है, जहां AI संचालित सेसंर मच्छरों की प्रजाति, संख्या और लिंग की पहचान करते है




**68. Eternal ने अपने फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी डिवीजन के CEO के रूप मे किसे नियुक्त किया ?**

A - दीपिंदर गोयल
B - राकेश रंजन
C - आदित्य मंगला
D - नवीन तिवारी

6 जुलाई 2025 को Eternal (पूर्व मे Zomato) ने अपने फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी डिवीजन का नया CEO आदित्य मंगला को नियुक्त किया, जिन्होंने राकेश रंजन का स्थान लिया। 2021 से कंपनी से जुड़े आदित्य ने सप्लाई चेन, ग्राहक अनुभव और डिलीवरी प्रक्रिया मे सुधार मे महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संस्थापक दीपिंदर गोयल ने उन्हे तेज़ निर्णय लेने और नवाचार मे सक्षम नेता बताया।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

69. "ग्रैडं कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस" किस देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है ?

A - अर्जेंटीना
B - ब्राज़ील
C - स्पेन
D - इटली

8 जुलाई 2025 को ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को “ग्रैडं कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस” से सम्मानित किया, जो ब्राज़ील का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है और आमतौर पर उन राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाता है जिन्होंने ब्राज़ील के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया हो।



70. BMW ग्रुप इंडिया का नया अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया ?

A - विक्रम पवाह
B - राहुल भाटिया
C - हरदीप सिंह बरार
D - संजय कपूर

1 सितंबर 2025 से हरदीप सिंह बरार को BMW ग्रुप इंडिया का नया अध्यक्ष और CEO नियुक्त किया गया है, जिन्होंने विक्रम पवाह का स्थान लिया है, जो अब BMW ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैडं के CEO की भूमिका निभाएंगे। हरदीप सिंह बरार को भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग मे 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है और उन्होंने कई प्रमुख ब्रांडों के साथ काम किया है।



71. वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ?

A - 5 जून
B - 10 जुलाई
C - 21 अगस्त
D - 12 दिसंबर

वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 10 जुलाई को मनाया जाता है और 2025 मे यह गुरुवार को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम कर स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की आवश्यकता को उजागर करना है। यह दिवस महान वैज्ञानिक निकोला टेस्ला को समर्पित है, जिन्होंने आधुनिक ऊर्जा प्रणालियों की नींव रखी थी।



72. भारतीय और जापानी तटरक्षक बलों के संयुक्त अभ्यास का कोड नाम क्या है ?

A - समुद्र शक्ति
B - जा माता
C - सागर बंधुत्व
D - ओशन एक्सप्रेस

भारतीय और जापानी तटरक्षक बल चेन्नई तट के पास “जा माता” नामक संयुक्त अभ्यास आयोजित कर रहे है, जिसका अर्थ जापानी मे “बाद मे मिलते है” होता है। यह अभ्यास जापानी जहाज इत्सुकुशिमा की भारत यात्रा के दौरान हो रहा है, जो वैश्विक महासागर प्रशिक्षण मिशन पर है और 7 जुलाई 2025 को चेन्नई पहुँचा।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**73. वर्ष 2025 का चिंथा रविंद्रन पुरस्कार किस लेखक को प्रदान किया जाएगा ?**



A - एन. एस. मधवन
B - शरणकुमार लिम्बाले
C - सुभाषिनी अली
D - अरुंधति राय

प्रसिद्ध मराठी लेखक और समीक्षक शरणकुमार लिम्बाले को वर्ष 2025 का चिंथा रविंद्रन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान उन्हे साहित्य, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों पर उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है। पुरस्कार समारोह 26 जुलाई को कोझिकोड मे होगा, जिसमे ₹50,000 नकद, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

**74. HCLTech की किस इकाई ने Domino 14.5 प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किया है ?**




A - HCL Digital
B - HCL CloudOps
C - HCLSoftware
D - HCL AI Labs

HCLTech की सॉफ्टवेयर इकाई HCLSoftware ने Domino 14.5 प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किया है, जो खास तौर पर सरकारी और विनियमित संस्थाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि डेटा संप्रभुता और गोपनीयता सुनिश्चित की जा सके। इसकी मुख्य विशेषता Domino IQ है, जो एक Sovereign AI समाधान है और यह सुनिश्चित करता है कि संवेदनशील डेटा देश की सीमाओं के भीतर ही सुरक्षित रहे।

**75. वर्ष 2025 मे Apple Inc. का नया मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) किसे नियुक्त किया गया है ?**



A - टिम कुक
B - जेफ विलियम्स
C - सबीह खान
D - सुंदर पिचाई

भारतीय मूल के सबीह खान को Apple Inc. का नया मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) नियुक्त किया गया है, जो 2025 मे सेवानिवृत्त हो रहे जेफ विलियम्स की जगह लेगें। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मे जन्मे सबीह ने Tufts University और Rensselaer Polytechnic Institute से इंजीनियरिंग और अर्थशास्त्र की पढ़ाई की।

**76. प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को नामीबिया मे किस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?**



A - ऑर्डर ऑफ द नामीबियन स्टार
B - ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेलविचिया मिरेबिलिस
C - नेशनल ऑर्डर ऑफ नामीबिया
D - ग्रेट ट्री ऑफ अफ्रीका अवार्ड

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को नामीबिया की राजकीय यात्रा के दौरान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान " ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेलविचिया मिरेबिलिस " से सम्मानित किया गया, और वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बने। यह यात्रा उनकी 2 से 9 जुलाई 2025 तक चली बहु-देशीय यात्रा का हिस्सा थी, जिसमे उंन्होंने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेटीना, ब्राज़ील और नामीबिया का दौरा किया।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**77. मुख्यमंत्री सेहत योजना की घोषणा कहाँ की गई ?**

A - अमृतसर
B - लुधियाना
C - पटियाला
**D - चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने 8 जुलाई 2025 को चंडीगढ़ मे 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' की घोषणा की, जिसके तहत राज्य के सभी 65 लाख परिवारों को ₹10 लाख तक का वार्षिक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। यह योजना 2 अक्टूबर 2025 से शुरू होने की संभावना है और इसका उद्देश्य सभी निवासियों को आय या निवास प्रमाण की आवश्यकता के बिना कैशलेस इलाज की सुविधा देना है।



**78. राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (NOS) योजना किस मंत्रालय द्वारा संचालित की जाती है ?**

A - शिक्षा मंत्रालय
**B - सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
C - विदेश मंत्रालय
D - कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (NOS) योजना के तहत 2025 मे चयनित 106 छात्रों मे से 66 को वित्तीय संसाधनों की कमी के चलते अनंतिम पुरस्कार पत्र जारी नहीं किए गए। यह योजना अनुसूचित जाति, विमुक्त जनजातियाँ, भूमिहीन मजदूरों और पारंपरिक कारीगरों जैसे हाशिए पर पड़े समुदायों के छात्रों को विदेश मे मास्टर्स या पीएच.डी. जैसी उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता देने हेतु चलाई जाती है।



**79. 'निस्तार' किस स्थान पर भारतीय नौसेना को सौंपा गया ?**

A - मुंबई
B - कोच्चि
**C - विशाखापत्तनम**
D - चेन्नई

हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL) ने भारतीय नौसेना को पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निस्तार' विशाखापत्तनम मे सौंपा है, जो पनडुब्बी दुर्घटनाओं के दौरान बचाव क्षमताओं को बढ़ाएगा। यह जहाज गहन जलमग्न बचाव वाहन (DSRV) को घटनास्थल तक ले जाने मे सक्षम है, जिससे भारत की विदेशी निर्भरता खत्म होगी।



**80. बिहार युवा आयोग किस प्रकार की संस्था के रूप मे कार्य करेगा ?**

A - न्यायिक संस्था
B - स्वायत्त संस्था
**C - सलाहकार निकाय**
D - अनुसंधान संस्थान

बिहार सरकार ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले "बिहार युवा आयोग" के गठन को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राज्य के युवाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। यह आयोग रोजगार, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर कार्य करेगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

81. "तलाश" कार्यक्रम को किस प्रकार के प्लेटफॉर्म के रूप मे विकसित किया गया है ?

A - मोबाइल ऐप

B - प्रिंटेड हैडंबुक

C - डिजिटल प्लेटफॉर्म

D - टीवी चैनल

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) और UNICEF इंडिया ने मिलकर "तलाश" नामक पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य जनजातीय छात्रों मे आत्मविश्वास, जीवन कौशल और करियर मार्गदर्शन को बढ़ावा देना है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म 28 राज्यों और 8 केद्रंशासित प्रदेशों के 1.38 लाख से अधिक एकलव्य विद्यालयों (EMRS) के छात्रों को लाभ देगा।




82. सचिन तेदुंलकर का चित्र किस स्थान पर अनावरण किया गया ?

A - ओवल ग्राउंड, लंदन

B - एमसीसी म्यूज़ियम, लॉर्ड्स

C - ईडन गार्डन्स, कोलकाता

D - ट्रेटं ब्रिज, नॉटिंघम

10 जुलाई 2025 को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के एमसीसी म्यूज़ियम मे भारतीय क्रिकेट दिग्गज सचिन तेदुंलकर का चित्र अनावरण किया गया, जिसे ब्रिटिश चित्रकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाया है। यह सम्मान भारत-इंग्लैडं तीसरे टेस्ट से पहले दिया गया, जहां तेदुंलकर ने परंपरागत घंटी बजाई।



83. हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) की नई CEO और MD किसे नियुक्त किया गया है ?

A - रोहित जावा

B - नितिन परांजपे

C - प्रिया नायर

D - संजीव मेहता

प्रिया नायर को 1 अगस्त 2025 से हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) की नई CEO और MD नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान मे यूनिलीवर की ग्लोबल ब्यूटी एंड वेलबीइंग यूनिट की प्रेसिडेटं है। वे 1995 मे HUL से जुड़ी थीं और होम केयर व ब्यूटी एंड पर्सनल केयर जैसे क्षेत्रों मे नेतृत्व कर चुकी है। वर्तमान CEO रोहित जावा 31 जुलाई को पद छोड़ेगें।



84. 'ऑपरेशन कालनेमि' किस राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया अभियान है ?

A - उत्तर प्रदेश

B - मध्य प्रदेश

C - उत्तराखंड

D - बिहार

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'ऑपरेशन कालनेमि' नामक विशेष पुलिस अभियान की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य फर्जी संतों और ढोंगी बाबाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना है। यह नाम हिंदू पौराणिक कथा के राक्षस 'कालनेमि' से प्रेरित है, जो साधु का वेश धारण कर लोगों को भ्रमित करता था।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**85. 11वां मक्का शिखर सम्मेलन किस शहर मे आयोजित किया गया ?**

A - लखनऊ
B - भोपाल
**C - नई दिल्ली**
D - हैदराबाद

नई दिल्ली मे FICCI और ICAR-IIMR द्वारा आयोजित 11वे मक्का शिखर सम्मेलन मे केद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाग लिया। सम्मेलन का लक्ष्य वर्ष 2047 तक मक्का उत्पादन को 86 मिलियन टन तक पहुंचाना है, जो वर्तमान मे 42.3 मिलियन टन है। मक्का को पोषण, इथेनॉल, औद्योगिक उपयोग और पशु चारे के लिए महत्वपूर्ण फसल माना जा रहा है।




**86. 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक किस शहर मे आयोजित हुई ?**

A - पटना
B - कोलकाता
C - भुवनेश्वर
**D - रांची**

रांची (झारखंड) मे 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता केद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। यह बैठक दो वर्षों के अंतराल के बाद हुई, पिछली बैठक 10 दिसंबर 2023 को पटना मे हुई थी। इसमे झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक मे साझा हित, प्रशासनिक समन्वय और विकास योजनाओं से जुड़े लगभग 20 मुद्दों पर चर्चा हुई।



**87. न्यू डेवलपमेटं बैकं (NDB) के नए सदस्य के रूप मे हाल ही मे किस दो देशों को शामिल किया गया है ?**

A - पाकिस्तान और श्रीलंका
**B - कोलंबिया और उज़्बेकिस्तान**
C - अफगानिस्तान और नेपाल
D - सऊदी अरब और कज़ाखस्तान

न्यू डेवलपमेटं बैकं (NDB) की 10वीं निदेशक मंडल बैठक के बाद कोलंबिया और उज़्बेकिस्तान को सदस्यता प्रदान की गई, जिससे अब बैकं के कुल सदस्य देशों की संख्या 11 हो गई है। NDB का उद्देश्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं मे बुनियादी ढांचे, सतत विकास और तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करना है। यह ग्लोबल साउथ को चौथी औद्योगिक क्रांति के अनुरूप बनाने मे सहयोग कर रहा है।




**88. 'सहेली स्मार्ट कार्ड योजना' किस संस्था द्वारा शुरू की गई ?**

A - दिल्ली मेट्रो रेल निगम
**B - दिल्ली परिवहन निगम (DTC)**
C - नगर निगम दिल्ली
D - दिल्ली सरकार शिक्षा विभाग

दिल्ली परिवहन निगम (DTC) ने गुलाबी टिकट योजना को समाप्त कर “सहेली स्मार्ट कार्ड योजना” शुरू की है, जिसका उद्देश्य मुफ्त बस यात्रा मे पारदर्शिता लाना और दुरुपयोग रोकना है। यह योजना दिल्ली निवासी महिलाओं और ट्रांसजेडंर व्यक्तियों के लिए लागू होगी, जिनके पास आधार और दिल्ली का वैध पता प्रमाण होना आवश्यक है। कार्ड पर लाभार्थी का नाम और फोटो होगा और इसे डाक द्वारा भेजा जाएगा।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**89. अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए भारतीय सेना द्वारा शुरू किया गया विशेष मिशन क्या कहलाता है ?**

A - ऑपरेशन कश्मीर
B - ऑपरेशन तीरथ
C - ऑपरेशन शिवा
D - ऑपरेशन अमरनाथ

अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा हेतु भारतीय सेना ने "ऑपरेशन शिवा" शुरू किया है, जिसमे नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र बलों का सहयोग है। नुनवान-पहलगाम व बालटाल मार्गों पर 8,500+ सैनिक तैनात किए गए है और ड्रोन खतरों से निपटने को 50+ काउंटर-यूएएस व इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियाँ लगाई गई है। पुल निर्माण, ट्रैक चौड़ीकरण और आपदा प्रबंधन के कार्य चल रहे है।



**90. भारत मे "बैटरी पासपोर्ट" प्रणाली की शुरुआत किसके नेतृत्व मे की जा रही है ?**

A - नीति आयोग
B - रक्षा मंत्रालय
C - सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
D - पर्यावरण मंत्रालय

भारत सरकार EV बैटरियों के लिए "बैटरी पासपोर्ट" नामक डिजिटल प्रणाली लागू कर रही है, जिसमे प्रत्येक बैटरी पर QR कोड लगाया जाएगा। इसे स्कैन कर उपभोक्ता बैटरी की तकनीकी, निर्माण और प्रदर्शन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेगें। इस पहल का उद्देश्य पारदर्शिता, गुणवत्ता और उपभोक्ता भरोसे को बढ़ाना है।




**91. 'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण भारत के किस राज्य के तट पर किया गया ?**

A - आंध्र प्रदेश
B - कर्नाटक
C - ओडिशा
D - तमिलनाडु

ओडिशा तट के पास DRDO और भारतीय वायुसेना ने संयुक्त रूप से 'अस्त्र' बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAAM) का सफल परीक्षण किया, जिसे सुखोई-30 एमकेआई से दागा गया। यह मिसाइल बिना लक्ष्य को देखे उसे भेद सकती है और स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) सीकर से लैस है।



**92. 'हेम बहादुर मल्ल पुरस्कार 2080' किसे प्रदान किया गया ?**

A - प्रकाशमान सिंह राउत
B - उमेश मैनाली
C - कल्याण श्रेष्ठ
D - गगन थापा

नेपाल के पूर्व मुख्य न्यायाधीश कल्याण श्रेष्ठ को 'हेम बहादुर मल्ल पुरस्कार 2080' से न्यायिक नेतृत्व और संस्थागत विकास मे योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नेपाल लोक प्रशासन संघ और साल्ट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन द्वारा काठमांडू मे आयोजित समारोह मे मुख्य न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत ने प्रदान किया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

93. ICC के किसी भी वर्ल्ड कप टूर्नामेटं मे पंहली बार किस देश ने जगह बनाई ?

A - नीदरलैडं　　B - जर्सी

C - स्कॉटलैडं　　D - इटली

इटली ने पहली बार किसी ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि ICC मेसं T20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए है, जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका मिलकर करेगें। यूरोप क्वालीफायर हेग (नीदरलैडं) मे हुंआ, जहां इटली ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर स्थान बनाया।



94. किस पुरुष क्रिकेटर ने पेशेवर क्रिकेट मे लंगातार पाँच गेदों पर पाँच विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया ?

A - जोश हेज़लवुड　　B - मोहम्मद सिराज

C - शाकिब अल हसन　　D - कर्टिस कैम्फर

आयरलैडं के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पुरुष पेशेवर क्रिकेट इतिहास मे पांच गेदों मे पांच विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए है। यह रिकॉर्ड 10 जुलाई 2025 को डबलिन मे इंटर-प्रांतीय T20 ट्रॉफी मे मुंस्टर रेड्स की ओर से खेलते हुए बनाया गया। उनके इस प्रदर्शन से टीम ने नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ 100 रनों से बड़ी जीत दर्ज की।



95. राष्ट्रीय कैडेट कोर पूर्व छात्र संघ (NCCAA) की पहली शासी परिषद की बैठक कब और कहाँ आयोजित की गई ?

A - हैदराबाद　　B - नई दिल्ली

C - पुणे　　D - लखनऊ

11 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक मे रंक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता मे रांष्ट्रीय कैडेट कोर पूर्व छात्र संघ (NCCAA) की पहली शासी परिषद की बैठक हुई। इसका उद्देश्य पूर्व व वर्तमान एनसीसी कैडेटों को राष्ट्र निर्माण मे जोड़ना है। प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी पहले और राजनाथ सिंह दूसरे पंजीकृत सदस्य है।



96. 'गोल्डन डोम' किस देश द्वारा विकसित एक अंतरिक्ष-आधारित मिसाइल सुरक्षा प्रणाली है ?

A - रूस　　B - अमेरिका

C - चीन　　D - भारत

'गोल्डन डोम' अमेरिका की अंतरिक्ष-आधारित मिसाइल रक्षा प्रणाली है, जो बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक और कक्षीय खतरों से सुरक्षा के लिए डिज़ाइन की गई है। यह उपग्रह इंटरसेप्टर्स पर आधारित है और इसकी लागत लगभग 175 अरब डॉलर अनुमानित है। अंतरिक्ष संधि 1967 इसे सीधे प्रतिबंधित नहीं करती, लेकिन इसकी दोहरे उपयोग की क्षमता रणनीतिक अस्पष्टता और अंतरिक्ष सैन्य होड़ को जन्म दे सकती है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**97. हरिकृष्णन ए. रा. को ग्रैंडमास्टर खिताब कहाँ मिला ?**



A - रूस
B - फ्रांस
C - भारत
D - अमेरिका

चेन्नई के 23 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी हरिकृष्णन ए. रा. ने 11 जुलाई 2025 को फ्रांस मे आयोजित ला प्लेग्ने इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल मे ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल कर भारत के 87वे ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने तीसरा GM नॉर्म भारतीय खिलाड़ी पी. इनियान से ड्रॉ खेलकर अर्जित किया, जबकि निर्णायक जीत उन्होंने फ्रांस के जूल्स मौसार्ड के खिलाफ दर्ज की।

**98. बिहार मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के क्रियान्वयन के लिए किसकी अध्यक्षता मे संमिति गठित की गई है ?**



A - मुख्यमंत्री
B - मुख्य सचिव
C - विकास आयुक्त
D - शिक्षा मंत्री

बिहार सरकार ने युवाओं को व्यावसायिक कौशल देने और उन्हे आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना की शुरुआत की है। यह योजना 18 से 28 वर्ष के उन युवाओं के लिए है जिन्होंने 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक या औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**99. विकास वित्तपोषण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 कहाँ आयोजित किया गया ?**



A - पेरिस
B - न्यूयॉर्क
C - सेविले
D - जिनेवा

30 जून से 3 जुलाई 2025 तक सेविले, स्पेन मे आयोजित विकास वित्तपोषण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन UNDESA और ECOSOC ने किया, जिसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के कार्यान्वयन को तेज करना और वैश्विक वित्तीय प्रणाली मे सुधार लाना था। सम्मेलन मे जलवायु परिवर्तन, ऋण संकट, जैव विविधता वित्तपोषण और निजी क्षेत्र की भूमिका जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

**100. मेजर लीग क्रिकेट (MLC) 2025 का खिताब किस टीम ने जीता ?**



A - वॉशिंगटन फ्रीडम
B - लॉस एंजेलिस नाइट्स
C - एमआई न्यूयॉर्क
D - टेक्सास सुपरकिंग्स

14 जुलाई 2025 को डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम मे खेले गए मेगा फाइनल मे एमआई न्यूयॉर्क ने वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराकर मेजर लीग क्रिकेट (MLC) 2025 का खिताब जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमआई न्यूयॉर्क ने 180/7 रन बनाए, जिसमे क्विंटन डी कॉक ने 77 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब मे वॉशिंगटन फ्रीडम 175 रन पर ऑल आउट हो गई।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**101. फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 का खिताब किस टीम ने जीता ?**



A - रियल मैड्रिड
B - पेरिस सेंट-जर्मेन (PSG)
C - चेल्सी एफसी
D - बायर्न म्यूनिख

फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम मे खेला गया, जहां चेल्सी एफसी ने पेरिस सेंट-जर्मेन (PSG) को 3-0 से हराकर अपना दूसरा खिताब जीता। 22 वर्षीय कोल पामर ने दो गोल और एक असिस्ट कर निर्णायक भूमिका निभाई, जबकि जोआओ पेड्रो, गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज़ और मोइसेस कैइसिडो ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

**102. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) के नए अध्यक्ष कौन नियुक्त किए गए है ?**



A - डॉ. डी. पी. सिंह
B - डॉ. बी. एन. गंगाधर
C - डॉ. अभिजीत शेठ
D - डॉ. एस. वेंकटेश

केद्रं सरकार ने डॉ. अभिजीत शेठ को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है, जो NEET-PG 2025 परीक्षा के बाद पदभार ग्रहण करेगें। वे वर्तमान मे NBEMS के अध्यक्ष है, जो NEET-PG जैसी प्रमुख परीक्षाएं आयोजित करता है। उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब NMC पर भ्रष्टाचार के आरोपों की CBI जांच चल रही है

**103. 2025 का संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार किसे प्रदान किया गया ?**



A - मीनाक्षी लेखी
B - वर्षा देशपांडे
C - मृणाल पांडे
D - कविता कृष्णन

महाराष्ट्र की सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता वर्षा देशपांडे को संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हे भ्रूण हत्या, लिंग चयन और महिला अधिकारों की रक्षा मे तीन दशकों के योगदान के लिए मिला। पुरस्कार 11 जुलाई 2025 को न्यूयॉर्क मे UNFPA द्वारा प्रदान किया गया। वे दलित महिला विकास मंडल की संस्थापक है

**104. इगा स्वियाटेक ने किस वर्ष विंबलडन मे अपना पहला खिताब जीता ?**



A - 2023
B - 2024
C - 2025
D - 2022

12 जुलाई 2025 को पोलैडं की इगा स्वियाटेक ने विंबलडन महिला एकल खिताब जीतकर अपने करियर का पहला विंबलडन और कुल छठा ग्रैडं स्लैम खिताब हासिल किया। फाइनल मे उन्होंने अमेरिका की अमांडा अनीसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया, जिसे "डबल बैगेल" कहा जाता है—जो महिला ग्रैडं स्लैम फाइनल मे केवल तीसरी बार हुआ।

**105. भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?**

A - सिद्धार्थ मोहंती | B - सत पाल भनू

C - आर. दोराईस्वामी | D - अजय कुमार

आर. दोराईस्वामी को 15 जुलाई 2025 से भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) का नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनका कार्यकाल 28 अगस्त 2028 तक रहेगा। यह नियुक्ति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) की सिफारिश और मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति (ACC) की स्वीकृति पर आधारित है।



**106. रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की पहली महिला महानिदेशक (DG) कौन बनी है ?**

A - किरण बेदी | B - सोनाली मिश्रा

C - मीनाक्षी सिंह | D - रचना सक्सेना

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की नई महानिदेशक नियुक्त किया गया है, जिसकी मंजूरी केद्रं सरकार की मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने 13 जुलाई 2025 को दी। यह पहली बार है जब RPF के गठन के बाद किसी महिला अधिकारी को DG पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे मनोज यादव का स्थान लेगी और 31 अक्टूबर 2026 तक इस पद पर कार्य करेगी।



**107. 2025 विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता ?**

A - कार्लोस अल्कराज | B - नोवाक जोकोविच

C - जानिक सिनर | D - स्टेफानोस सित्सिपास

इटली के 23 वर्षीय जानिक सिनर ने 2025 का विंबलडन पुरुष एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया, जहां उन्होंने स्पेन के विश्व नंबर दो कार्लोस अल्कराज को चार सेटों मे 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। यह मुकाबला तीन घंटे चला और चौथे सेट मे दो ब्रेक प्वाइंट बचाकर सिनर ने अपनी मानसिक मजबूती और शानदार कौशल का परिचय दिया।



**108. भारत सरकार की पहली इलेक्ट्रिक ट्रक प्रोत्साहन योजना किस पहल के अंतर्गत शुरू की गई है ?**

A - PM EV MISSION | B - FAME INDIA

C - PM E-DRIVE | D - GREEN TRUCK SCHEME

भारत सरकार ने PM E-DRIVE पहल के तहत देश की पहली इलेक्ट्रिक ट्रक प्रोत्साहन योजना शुरू की है, जिसकी घोषणा केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने की। इस योजना का उद्देश्य डीज़ल ट्रकों की जगह इलेक्ट्रिक ट्रकों को बढ़ावा देना है, ताकि 2070 तक नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल किया जा सके।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

109. हाल ही मे भारत सरकार ने किस पारंपरिक ज्ञान आधारित डिजिटल प्रणाली को सार्वजनिक रूप से लॉन्च किया है ?

A - DigiAyush Portal
B - Ancient India Knowledge Base
C - TKDL
D - AyushNet

भारत ने हाल ही मे ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी (TKDL) को सार्वजनिक रूप से लॉन्च किया, जो पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से संरक्षित करने की विश्व की पहली डिजिटल पहल है। यह आयुष मंत्रालय और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की संयुक्त परियोजना है



110. न्यायमूर्ति संजीव सचेदवा को किस उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है ?

A - झारखंड
B - कर्नाटक
C - मध्य प्रदेश
D - पटना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 26 मई 2025 की सिफारिश के आधार पर पाँच उच्च न्यायालयों मे नंए मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए है और चार उच्च न्यायालयों मे मुख्य न्यायाधीशों का स्थानांतरण किया है। न्यायमूर्ति संजीव सचेदवा को मध्य प्रदेश, विपुल मनुभाई पंचोली को पटना, विभु बाखरू को कर्नाटक, आशुतोष कुमार को गुवाहाटी और तरलोक सिंह चौहान को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।



111. विश्व युवा कौशल दिवस हर साल किस तारीख को मनाया जाता है ?

A - 12 अगस्त
B - 15 जुलाई
C - 5 अक्टूबर
D - 25 जून

हर वर्ष 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार, उद्यमिता और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक कौशलों के प्रति जागरूक करना है। वर्ष 2025 मे इसकी 10वीं वर्षगांठ "कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण" थीम के साथ मनाई जा रही है।




112. हाल ही मे किसे बैंक के अंतरिम प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप मे नियुक्त किया गया है ?

A - शेखर राव
B - श्रीकृष्णन शर्मा
C - राघवेंद्र श्रीनिवास भट
D - संजय मेहता

पूर्व एमडी और सीईओ श्रीकृष्णन हरि हरा शर्मा ने 29 जून 2025 को व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया, जबकि कार्यकारी निदेशक शेखर राव ने भी स्थानांतरण असमर्थता के चलते इस्तीफा दे दिया। इसके बाद राघवेंद्र श्रीनिवास भट को 16 जुलाई से अंतरिम एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया है। वे 1981 से बैंक से जुड़े है




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

113. विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 10 दिसंबर
B - 15 अगस्त
C - 17 जुलाई
D - 5 जून

विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस हर साल 17 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक न्याय, मानवाधिकारों की रक्षा और दोषियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना है। इसकी शुरुआत 17 जुलाई 1998 को रोम संविधि के अंगीकरण से हुई, जिससे अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) की स्थापना हुई।




114. 'प्रचंड शक्ति' सैन्य अभ्यास किस स्थान पर आयोजित किया गया ?

A - जोधपुर
B - पठानकोट
C - मेरठ
D - लखनऊ

भारतीय सेना की राम डिवीजन ने मेरठ के खड़ग कोर फील्ड ट्रेनिंग एरिया मे 'प्रचंड शक्ति' सैन्य अभ्यास का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य भविष्य की युद्ध चुनौतियों के लिए आधुनिक तकनीकों को परखना था। इसमे मानवरहित हवाई वाहन, एआई आधारित प्रणालियाँ, स्वायत्त प्लेटफॉर्म और लोइटरिंग हथियारों का इस्तेमाल किया गया। यह अभ्यास नेटवर्क-केंद्रित युद्ध प्रणाली को दर्शाता है



115. भारत का पहला डिजिटल घुमंतू गाँव कौन-सा है ?

A - लाचेन, सिक्किम
B - याकटेन, सिक्किम
C - मावल, महाराष्ट्र
D - माजुली, असम

सिक्किम के पाकयोंग जिले के याकटेन गाँव को भारत का पहला डिजिटल घुमंतू गाँव घोषित किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ना और स्थानीय लोगों को सतत आय के अवसर देना है। यह पहल 'नोमैड सिक्किम' परियोजना के तहत जिला प्रशासन और सर्वहिती NGO द्वारा शुरू की गई है।



116. भारत का पहला 'AI+ कैपंस' किस संस्थान द्वारा स्थापित किया जा रहा है ?

A - IISc बेंगलुरु
B - IIT हैदराबाद
C - BITS पिलानी
D - IIIT दिल्ली

बिट्स पिलानी आंध्र प्रदेश के अमरावती मे भारत का पहला 'एआई+ कैपंस' स्थापित करने जा रहा है, जो 70 एकड़ भूमि पर ₹1,000 करोड़ की लागत से विकसित किया जाएगा और 2027 से संचालित होगा। यह परिसर डिजिटल-प्रथम और एआई-केंद्रित शिक्षा का प्रमुख केद्रं होगा, जहां डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स, कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान और जलवायु, कृषि व स्वास्थ्य क्षेत्रों मे एंआई के उपयोग पर विशेष फोकस रहेगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**117. GIFT सिटी कंपनी लिमिटेड के नए प्रबंध निदेशक एवं CEO के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?**



A - तपन रे
**B - संजय कौल**
C - अजय कुमार
D - अरविंद मेहता

IAS अधिकारी संजय कौल को 15 जुलाई 2025 को GIFT सिटी कंपनी लिमिटेड का नया प्रबंध निदेशक और CEO नियुक्त किया गया है। वे 2001 बैच के केरल कैडर के अधिकारी है और फिलहाल संस्कृति मंत्रालय मे संयुक्त सचिव के रूप मे कार्यरत है। इससे पहले वे गुजरात पर्यटन निगम और गुजरात इन्फॉर्मेटिक्स लिमिटेड के एमडी रह चुके है।

**118. 'हेम बहादुर मल्ल पुरस्कार 2080' से किसे सम्मानित किया गया ?**



A - प्रकाशमान सिंह राउत
B - उमेश मैनीली
**C - कल्याण श्रेष्ठ**
D - राम बहादुर थापा

नेपाल के पूर्व प्रधान न्यायाधीश कल्याण श्रेष्ठ को 'हेम बहादुर मल्ल पुरस्कार 2080' से काठमांडू मे सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नेपाल लोक प्रशासन संघ और साल्ट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन द्वारा विधिक क्षेत्र या जनसेवा मे विशेष योगदान के लिए दिया जाता है। कल्याण श्रेष्ठ, नेपाल के 25वे प्रधान न्यायाधीश रह चुके है

**119. हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस (HCCB) के नए CEO के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?**




A - अरुण मल्होत्रा
B - जुआन पाब्लो रोड्रिगेज
**C - हेमंत रुपानी**
D - विजय मल्ला

हेमंत रुपानी को हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड (HCCB) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो 8 सितंबर 2025 से पदभार ग्रहण करेगें। वे जुआन पाब्लो रोड्रिगेज का स्थान लेगें, जो कोका-कोला समूह मे नई भूमिका निभाएंगे। HCCB भारत मे कोका-कोला उत्पादों की सबसे बड़ी बोतलिंग कंपनी है।

**120. स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भारतीय स्नैक्स मे पोषण संबंधी तथ्यों को लेकर शुरू की गई नई पहल का पायलट प्रोजेक्ट कहाँ शुरू किया गया ?**



A - AIIMS दिल्ली
**B - AIIMS नागपुर**
C - PGIMER चंडीगढ़
D - NIMHANS बेंगलुरु

स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारतीय स्नैक्स मे छिपे पोषण संबंधी तथ्यों को उजागर करने के लिए एक नई जन-जागरूकता पहल शुरू की है, जिसकी शुरुआत एआईआईएमएस नागपुर से पायलट प्रोजेक्ट के रूप मे हुई है। इस अभियान का उद्देश्य समोसा, बिस्किट और जलेबी जैसे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों मे मौजूद वसा, चीनी और ट्रांस फैट की जानकारी देकर लोगों को संतुलित खानपान के लिए प्रेरित करना है।

**121. भारत मे पंहली बार "AI प्रशंसा दिवस" कब मनाया गया ?**

A - 1 जनवरी 2025　　B - 10 जुलाई 2025

**C - 16 जुलाई 2025**　　D - 5 जून 2025

भारत मे 16 जुलाई 2025 को पहली बार “AI प्रशंसा दिवस” मनाया गया, जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के सामाजिक, आर्थिक और शासकीय योगदान को रेखांकित करना है। यह दिवस "AI for All" नीति को सशक्त करता है, जो समावेशी तकनीकी विकास पर केंद्रित है।




**122. आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से कब संन्यास लेने की घोषणा की ?**

A - 2024 मे　　**B - 2025 मे**

C - 2023 मे　　D - 2022 मे

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। उनका अंतिम T20 मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जमैका के सबीना पार्क मे खेला जाएगा। 2010 मे अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू करने वाले रसेल ने 56 वनडे और 84 T20I मैच खेले।



**123. “ज्ञानोदय – शिक्षण नवाचार और प्रकाशन केंद्रं” की स्थापना किस भारतीय प्रबंधन संस्थान द्वारा की गई है ?**

A - IIM अहमदाबाद　　B - IIM बैंगलोर

**C - IIM कोझिकोड**　　D - IIM इंदौर

भारतीय प्रबंध संस्थान (IIM) कोझिकोड ने “ज्ञानोदय – शिक्षण नवाचार और प्रकाशन केंद्रं” की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य प्रबंधन शिक्षा मे नंवाचार और उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशन को बढ़ावा देना है। यह केंद्रं IIMK के “विजन 2047” और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है।

भारतीय प्रबंध संस्थान कोषिक्कोड
Indian Institute of Management Kozhikode
*Globalizing Indian Thought*

**124. हाल ही मे देश का पहला एक्वा टेक पार्क किस राज्य मे स्थापित किया गया है ?**

A - केरल　　**B - असम**

C - महाराष्ट्र　　D - ओडिशा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी के पास सोनापुर मे देश के पहले एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन किया। यह केंद्रं आधुनिक मत्स्य तकनीकों के प्रशिक्षण, नवाचार और प्रदर्शन के लिए समर्पित है। इसे कोलोंग कोपिली NGO ने NABARD, ICAR-CIFA, सेल्को फाउंडेशन और असम मत्स्य विभाग के सहयोग से स्थापित किया है।



**125. राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता (NYCC) 2025 का शुभारंभ कहाँ से किया गया ?**

A - मुंबई
B - कोलकाता
C - नई दिल्ली
D - चंडीगढ़

राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता (NYCC) जुलाई 2025 मे PHDCCI द्वारा पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से शुरू की गई, जिसका उद्घाटन नई दिल्ली स्थित PHD हाउस मे हुआ। इसका विषय "भारतीय पाककला विरासत का उत्सव : परंपरा और नवाचार का सम्मिश्रण" रखा गया है।




**126. इज़राइल ने अपना सबसे उन्नत संचार उपग्रह किस रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया ?**

A - GSLV Mk-III
B - फाल्कन-9
C - एरियन-5
D - लांग मार्च-5

13 जुलाई 2025 को इज़राइल ने अमेरिका के केप कैनावेरल से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट द्वारा अपने सबसे उन्नत संचार उपग्रह ड्रोर-1 का सफल प्रक्षेपण किया। इसे इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) ने विकसित किया है, जो सैन्य, सरकारी और नागरिक क्षेत्रों के लिए सुरक्षित संचार नेटवर्क प्रदान करेगा।



**127. भारत की पहली Ro-Ro फेरी सेवा किस राज्य मे शुरू की गई है ?**

A - केरल
B - महाराष्ट्र
C - गोवा
D - गुजरात

गोवा सरकार ने मंडोवी नदी पर भारत की पहली Ro-Ro (Roll-on/Roll-off) फेरी सेवा शुरू की है, जो चोराओ द्वीप और रिबंदर को जोड़ती है। इस सेवा मे यात्री अपने वाहनों के साथ फेरी मे संवार होते है और वाहन से उतरने की आवश्यकता नहीं होती।



**128. 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' (PM-DDKY) को कितने वर्षों के लिए लागू किया गया है ?**

A - 3 वर्ष
B - 5 वर्ष
C - 6 वर्ष
D - 10 वर्ष

16 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की अध्यक्षता मे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" को 6 वर्षों के लिए मंज़ूरी दी। यह योजना आकांक्षी ज़िलों की तर्ज पर कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य कृषि रूप से पिछड़े 100 ज़िलों मे सुधार लाना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

129. यूलिया स्विरीडेंको को किस देश की नई प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है ?

A - बेलारूस
B - यूक्रेन
C - पोलैंड
D - हंगरी

2022 मे शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूक्रेन मे यह पहला बड़ा नेतृत्व परिवर्तन है। यूलिया स्विरीडेंको को देश की नई प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे उप प्रधानमंत्री और आर्थिक मंत्री के रूप मे कार्य कर चुकी है। पूर्व प्रधानमंत्री डेनिस शमाईहाल को अब यूक्रेन का नया रक्षा मंत्री बनाया गया है।



130. हाल ही मे लद्दाख क्षेत्र मे किस स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली का ऊँचाई पर सफल परीक्षण भारतीय सेना द्वारा किया गया ?

A - ब्रह्मोस-II
B - आकाश प्राइम
C - नाग
D - त्रिशूल

भारतीय सेना ने लद्दाख क्षेत्र मे समुद्र तल से 15,000 फीट की ऊँचाई पर स्वदेशी रूप से विकसित आकाश प्राइम वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह प्रणाली DRDO द्वारा विकसित की गई है और मूल आकाश मिसाइल प्रणाली का उन्नत संस्करण है। यह मध्यम दूरी की सतह से हवा मे मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है



131. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 के अनुसार, 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी मे 'सबसे स्वच्छ शहर' कौन घोषित किया गया ?

A - इंदौर
B - सूरत
C - अहमदाबाद
D - नवी मुंबई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 के हालिया परिणामों मे अहमदाबाद को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों मे सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया। यह सर्वेक्षण स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया और इसमे 4,589 शहरों ने भाग लिया।



132. भारत के संविधान मे उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के स्थानांतरण का प्रावधान किस अनुच्छेद मे किया गया है ?

A - अनुच्छेद 124
B - अनुच्छेद 222
C - अनुच्छेद 217
D - अनुच्छेद 233

केंद्र सरकार ने 14 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर 18 उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के स्थानांतरण और प्रत्यावर्तन की अधिसूचना जारी की। इस निर्णय का उद्देश्य न्यायिक निष्पक्षता, क्षेत्रीय संतुलन और कार्यभार का उचित वितरण सुनिश्चित करना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**133. नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2025 की थीम क्या है ?**

A - "शिक्षा के माध्यम से शांति और समानता"

B - "क्षमा और सुलह के लिए एक साथ"

**C - "गरीबी और असमानता से लड़ना अब भी हमारे हाथ मे है"**

D - "मानवाधिकारों की रक्षा मे एंक वैश्विक पहल"

नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 18 जुलाई को मनाया जाता है, जो दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की जयंती के रूप मे समर्पित है। यह दिन वैश्विक स्तर पर मानवता, शांति, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को बढ़ावा देता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2009 मे इंस दिवस को आधिकारिक मान्यता दी, जिसका उद्देश्य लोगों को समाज और समुदाय की सेवा के लिए प्रेरित करना है।




**134. संयुक्त राष्ट्र नेल्सन रोलिहलाहला मंडेला पुरस्कार कितनी आवृत्ति पर प्रदान किया जाता है ?**

A - प्रत्येक वर्ष

**B - प्रत्येक पाँच वर्ष मे**

C - प्रत्येक दो वर्ष मे

D - आवश्यकतानुसार

संयुक्त राष्ट्र नेल्सन रोलिहलाहला मंडेला पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा हो चुकी है। यह प्रतिष्ठित सम्मान कनाडा के सॉल्टो फर्स्ट नेशन की श्रीमती ब्रेंडा रेनॉल्ड्स और केन्या के श्री कैनेडी ओडेडे को दिया जाएगा। यह पुरस्कार 2014 मे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी संविधि 2 अप्रैल 2015 को अपनाई गई।




**135. CAFE-III और CAFE-IV मानदंड किस समयावधि के लिए लागू करने की योजना है ?**

A - 2020-2025

B - 2022-2027

**C - 2027-2037**

D - 2030-2040

भारत सरकार कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता (CAFE) के चरण III और IV मानदंडों (2027-2037) को अंतिम रूप दे रही है, जिसका उद्देश्य ईंधन दक्षता बढ़ाना और $CO_2$ उत्सर्जन को कम करना है। CAFE मानदंडों को 2017 मे भारत मे पेश किया गया था, और इनका विनियमन विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा किया जाता है।



**136. भारत मे ड्रोन उत्पादन सुविधा स्थापित करने के लिए विमानों लिमिटेड ने किस विदेशी कंपनी के साथ साझेदारी की है ?**

A - लॉकहीड मार्टिन

B - बोइंग

**C - CYGR**

D - एरबस

भारत ने अपने ड्रोन निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम उठाया है। विमानों लिमिटेड (आरआरपी डिफेंस की एक इकाई) ने फ्रेंको-अमेरिकी कंपनी CYGR के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग से नवी मुंबई मे एंक अत्याधुनिक ड्रोन उत्पादन सुविधा स्थापित होगी, जो रक्षा और औद्योगिक ज़रूरतों को पूरा करेगी।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

137. 10वीं जूनियर नेशनल रग्बी 7s चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किस स्थान पर हुआ ?

A - पटना | B - भुवनेश्वर

C - देहरादून | D - चंडीगढ़

10वीं जूनियर नेशनल रग्बी 7s चैंपियनशिप 2025 देहरादून मे आयोजित हुई, जहाँ बिहार की अंडर-18 लड़के व लड़कियों की टीमों ने दोनों वर्गों मे खिताब जीतकर ऐतिहासिक डबल विजय प्राप्त की। फाइनल मे बिहार ने गत चैंपियन ओडिशा को 17–15 से हराया, जिसमे निर्णायक ट्राई गोल्डन कुमार ने की। पूरे टूर्नामेंट मे बिहार अजेय रहा और उसने कई मजबूत टीमों को हराया।



138. टेस्ला ने भारत मे अपना पहला आधिकारिक शोरूम कहाँ खोला है ?

A - दिल्ली, साकेत मॉल | B - बेंगलुरु, ओरियन मॉल

C - मुंबई, मेकर मैक्सिटी मॉल (BKC) | D - हैदराबाद, जुबली हिल्स

टेस्ला ने भारत मे अपनी आधिकारिक शुरुआत मुंबई के BKC स्थित मेकर मैक्सिटी मॉल मे पहले शोरूम के लॉन्च के साथ की, जहाँ दो Model Y कारे पेश की गईं। यह भारत मे EV नीति की सफलता और स्वच्छ परिवहन की दिशा मे बड़ा कदम है। शोरूम मे टेस्ट ड्राइव, बुकिंग और अनुभव की सुविधा है। कारों की रेंज 500–622 किमी और कीमत ₹59.89–₹67.89 लाख है।




139. भारत का पहला राज्य कौन-सा है जिसने 'जनजातीय जीनोम अनुक्रमण परियोजना' शुरू की है ?

A - मध्यप्रदेश | B - ओडिशा

C - छत्तीसगढ़ | D - गुजरात

गुजरात ने देश की पहली 'जनजातीय जीनोम अनुक्रमण परियोजना' शुरू की है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों मे आनुवंशिक बीमारियों की पहचान और स्वास्थ्य समाधान प्रदान करना है। गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर इस परियोजना को 2025–26 के बजट के तहत क्रियान्वित कर रहा है, जिसमे 17 जिलों के 2,000 जनजातीय व्यक्तियों का जीनोम अनुक्रमण किया जाएगा।



140. SIMBEX 2025 मे भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना के कितने स्वदेशी युद्धपोत सिंगापुर पहुँचे है ?

A - दो | B - तीन

C - चार | D - पाँच

भारतीय नौसेना के चार स्वदेशी युद्धपोत – आईएनएस दिल्ली, सतपुड़ा, किल्टन और शक्ति – सिंगापुर मे SIMBEX 2025 मे भाग लेने पहुँचे है, जो भारत और सिंगापुर के बीच 32वां द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है। इसका नेतृत्व रियर एडमिरल सुशील मेनन कर रहे है। यह अभ्यास हार्बर फेज और सी फेज मे आयोजित होता है




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**141. IChO 2025 (अंतर्राष्ट्रीय रसायन ओलंपियाड) का आयोजन किस देश मे हुआ था ?**

A - भारत
B - इज़रायल
**C - संयुक्त अरब अमीरात**
D - रूस

भारत ने दुबई मे 5–14 जुलाई 2025 के बीच आयोजित 57वे इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड (IChO 2025) मे 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर वैश्विक स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे 90 देशों के 354 छात्रों ने भाग लिया, जिनमे भारत की चार छात्रीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



**142. पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल रैंकिंग सीरीज़ टूर्नामेटं 2025 का आयोजन किस देश मे हुआ था ?**

A - भारत
B - अज़रबैजान
**C - हंगरी**
D - जर्मनी

भारत के सुजीत कलकल ने बुडापेस्ट, हंगरी मे आयोजित पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल रैंकिंग सीरीज़ 2025 मे 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग मे स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह भारत का वर्ष 2025 के किसी भी रैंकिंग टूर्नामेटं मे पंहला स्वर्ण है। उन्होंने फाइनल मे अज़रबैजान के अली रहीमज़ादे को 5–1 से हराया।



**143. विश्व शतरंज दिवस हर वर्ष किस दिन मनाया जाता है ?**

A - 5 जून
B - 15 अगस्त
**C - 20 जुलाई**
D - 24 अक्टूबर

20 जुलाई को हर वर्ष विश्व शतरंज दिवस मनाया जाता है, जो FIDE की 1924 मे स्थापना की वर्षगांठ है। इसकी मान्यता 1966 मे UNESCO ने दी थी। शतरंज की उत्पत्ति भारत के प्राचीन खेल "चतुरंग" से मानी जाती है। इस दिन का उद्देश्य शतरंज को एक समावेशी, शैक्षणिक और बौद्धिक खेल के रूप मे बढ़ावा देना है।




**144. भारत के अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्र संघ अभियान (IIMUN) सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किस मंत्री ने किया ?**

A - धर्मेंद्र प्रधान
B - स्मृति ईरानी
**C - पीयूष गोयल**
D - अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नोएडा मे IIMUN सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य युवाओं को वैश्विक मुद्दों, कूटनीति और शासन की समझ विकसित कर राष्ट्र निर्माण मे उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के "पंच प्रण" और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा पर बल दिया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**145. AK-203 राइफल के निर्माण का प्रमुख स्थान कौन सा है ?**

A - कानपुर  
**B - अमेठी**  
C - मुंबई  
D - पुणे

भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के अमेठी मे इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (IRRPL) द्वारा AK-203 असॉल्ट राइफल का स्वदेशी उत्पादन शुरू किया है। यह राइफल भारतीय सेना की आवश्यकताओं के अनुसार डिज़ाइन की गई है और इसकी उच्च मारक क्षमता इसे LoC व LAC जैसे क्षेत्रों के लिए उपयुक्त बनाती है।



**146. भारत ने किस देश मे आयोजित FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 मे बैडमिंटन मे अपना पहला पदक जीता ?**

A - फ्रांस  
B - चीन  
**C - जर्मनी**  
D - जापान

भारत ने बर्लिन मे आयोजित FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स मे बैडमिंटन मे अपना पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया। मिश्रित टीम इवेंट मे भारत ने मलेशिया को हराकर सेमीफाइनल मे पंहुचकर कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, तैराक श्रीहरि नटराज ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल मे नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए सेमीफाइनल मे जंगह बनाई। ये उपलब्धियाँ भारत की खेल प्रतिभा, प्रशिक्षण व्यवस्था और रणनीतिक निवेश की सफलता को दर्शाती है




**147. फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल मे किस भारतीय ग्रैंडमास्टर ने प्रवेश किया ?**

A - आर. वैशाली  
B - डी. हरिका  
**C - कोनेरू हम्पी**  
D - दिव्या देशमुख

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने FIDE महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल मे पहुंचकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने चीन की युक्सिन सोंग को हराकर कम-से-कम चौथा स्थान सुनिश्चित किया और अब शीर्ष तीन मे जगह बनाकर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का अवसर उनके पास है। वहीं, डी. हरिका और दिव्या देशमुख का मुकाबला ड्रॉ रहा, जिससे वे टाई-ब्रेक खेलेगी, जबकि आर. वैशाली प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।



**148. 66वाँ अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2025 किस देश मे आयोजित किया गया ?**

A - अमेरिका  
B - भारत  
**C - ऑस्ट्रेलिया**  
D - इंग्लैडं

भारत ने 66वे अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2025 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट मे आयोजित इस प्रतियोगिता मे भारत ने 193 अंक हासिल कर विश्व मे सातवां स्थान प्राप्त किया, जो अब तक का उसका सर्वोच्च स्कोर है। कनव तलवार, आरव गुप्ता और आदित्य मंगुड़ी को स्वर्ण, एबेल जॉर्ज मैथ्यू और आदिश जैन को रजत तथा अर्चित मानस को कांस्य पदक मिला।



149. मुरली श्रीशंकर ने हाल ही मे किस देश मे आयोजित मीटिंग माइया सिडेड डू डेस्पोर्टो प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जीता ?

A - जर्मनी
B - पुर्तगाल
C - पोलैडं
D - हंगरी

भारतीय लंबी कूद एथलीट मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल मे आयोजित विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेटंल टूर ब्रॉन्ज-स्तरीय प्रतियोगिता मे 7.75 मीटर की छलांग लगाकर खिताब जीता। टाई-ब्रेक मे उनकी दूसरी सर्वश्रेष्ठ छलांग बेहतर होने के कारण उन्हे विजेता घोषित किया गया। यह जीत उनके लिए खास है क्योंकि वह हाल ही मे घुटने की सर्जरी के बाद वापसी कर रहे है।




150. ओडिशा सरकार द्वारा छात्राओं की सुरक्षा हेतु हाल ही मे शुरू की गई योजना का नाम क्या है ?

A - सुरक्षित शिक्षा योजना
B - मिशन नारीशक्ति
C - शक्तिश्री
D - शिक्षा सुरक्षा मिशन

ओडिशा सरकार ने छात्राओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए 'शक्तिश्री' कार्यक्रम शुरू किया है, जिसे उच्च शिक्षा विभाग राज्य के 16 विश्वविद्यालयों और 730 कॉलेजों मे लागू करेगा। यह योजना छात्राओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ आत्म-सुरक्षा प्रशिक्षण, जागरूकता और नेतृत्व विकास पर भी केंद्रित है।



151. ICC ने 2027, 2029 और 2031 की WTC फाइनल्स की मेज़बानी किस देश को सौंपी है ?

A - भारत
B - ऑस्ट्रेलिया
C - इंग्लैडं
D - दक्षिण अफ्रीका

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 2027, 2029 और 2031 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल्स की मेज़बानी इंग्लैडं और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) को सौंपी है। इंग्लैडं की स्थिर मौसम स्थिति और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण यह निर्णय लिया गया, जबकि भारत मे टेस्ट क्रिकेट के सीमित दर्शक आधार को मेज़बानी न मिलने का कारण माना गया।




152. भारत ने किस वर्ष तक स्वतंत्र अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और मानव को चंद्रमा पर भेजने की योजना बनाई है ?

A - 2030 और 2035
B - 2035 और 2040
